# भगोरिया को राजकीय पर्व का दर्जा देकर गरिमा बढ़ायी



मांदल की थाप पर थिरके सीएम

## सीएम ने जुलवानिया में भगोरिया उत्सव को संबोधित करते हुए कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है. पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं और पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं.**

ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है. जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है. इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है. यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी जिले के जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में कही. बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से पूरा हाट परिसर उत्साह, रंग और पारंपरिक उल्लास से सराबोर हो गया. जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, उत्सवधर्मिता और जीवन के प्रति आनंदमयी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है. यहां प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है, जिससे जीवन में उल्लास और सामूहिकता बनी रहे. पूर्वजों द्वारा स्थापित यह आनंदमयी परंपरा आज भी जीवंत है.

सदियों से भगोरिया पर्व इस क्षेत्र में हर्ष, उमंग और लोक जीवन की ऊर्जा का प्रतीक बना हुआ है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि क्षेत्र में निमाड़ की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब लक्ष्य है कि फसल को खेत से कारखाने तक पहुंचाया जाए और फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कैबिनेट के साथ पहली बार भीलट देव के दर्शन कर मन आनंदित हुआ. निमाड़ महान संत सिंगाजी, दादा धूनिवाले जैसी विभूतियों की पावन भूमि है, जिन्होंने समरसता और सद्भाव का संदेश दिया. आपसी द्वेष और मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने का संदेश देते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं.

### बड़वानी में होगी आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है. इसके विस्तार के लिये कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के साथ आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना की जाएगी. जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल एवं वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. इन परियोजनाओं से हजारों हैक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी और जनजातीय किसानों को सीधा लाभ होगा.

## होली पर रेलवे ने लागू किया भीड़ प्रबंधन

**भोपाल, 02 मार्च.** होली पर्व के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने व्यापक भीड़ प्रबंधन व्यवस्था लागू की है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल जंक्शन, रानी कमलापति, इटारसी और बीना जंक्शन सहित प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है. टिकट विंडो पर सुगम टिकटिंग, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों की कार्यशीलता और अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ की तैनाती की गई है. स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वारों पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अनधिकृत प्रवेश रोका जा सके और फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ न बढ़े.

## कार्यालय कलेक्टर, जिला सतना एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

सतना क्र. 243 / भू-अर्जन / 2026 सतना, दिनांक -23/02/2026

### अधिसूचना

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू-अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन (क्र. - एक, सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

**अनुसूची**

(1) भूमि का वर्णन :- (म.प्र. शासन / निजी खाता)
(क) जिला - सतना (ख) तहसील- रामपुर बाघेलान (ग) नगर / ग्राम त्योंधरा नं0 2 (घ) क्षेत्रफल- 2.2950हे0

| क्र. | भूस्वामी का नाम / पिता का नाम | खसरा नं0 | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|
| 1 | उमाशंकर पिता मोतीलाल जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 136/3 | 0.0470 |
| 2 | राजीवलोचन पिता रामनरेश जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 133 | 0.0690 |
| 3 | राजीवलोचन पिता रामनरेश जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 132 | 0.0620 |
| 4 | राजीवलोचन पिता रामनरेश जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 131/2 | 0.1440 |
| 5 | रामनरेश पिता जगदीशप्रसाद जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 148 | 0.0240 |
| 6 | रामनरेश पिता जगदीशप्रसाद जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 150 | 0.1160 |
| 7 | सुन्दीबाई बेवा लालमन जाति कोरी पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 160/2 | 0.1130 |
| 8 | धीरेन्द्र कुमार पिता रामस्वयंबर जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 159/1 | 0.0960 |
| 9 | शत्रुधन प्रसाद पिता रामसिपाही जाति ब्राम्हण पता त्योधरा न02 त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 159/2 | 0.1130 |
| 10 | रामलाल पिता कौशल प्रसाद जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 162/1 | 0.0330 |
| 11 | रामवाई बेवा रामसिपाही जाति ब्रा पता त्योधरा नं. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 123/1 | 0.0400 |
| 12 | रामस्वयंबर पिता तुलसीराम जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 123/2 | 0.1810 |
| 13 | नन्दकिशोर पिता बिहारीलाल जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 124/1/1 | 0.0820 |
| 14 | राजेन्द्र कुमार पिता भैयालाल द्विवेदी जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 124/1/2 | 0.0510 |
| 15 | भैयालाल पिता इन्द्रजीत जाति ब्रा पता त्योधरा न.2 रामपुर बाघेलान सतना | 124/2 | 0.0150 |
| 16 | अनीता पति चन्द्रभूषण प्रसाद जाति तिवारी पता त्योधरा न 2 रामपुर बाघेलान सतना | 122/1 | 0.0580 |
| 17 | प्रभुदयाल पिता सीता प्रसाद द्विवेदी जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 35/1 | 0.0050 |
| 18 | बृजेश पिता सीता प्रसाद द्विवेदी पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 35/4 | 0.0160 |
| 19 | प्रभुदयाल पिता सीता प्रसाद द्विवेदी जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 36/1 | 0.0640 |
| 20 | उमेश द्विवेदी पिता सीता प्रसाद द्विवेदी जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 36/2 | 0.0740 |
| 21 | ललित द्विवेदी पिता सीता प्रसाद द्विवेदी जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 36/3 | 0.0750 |
| 22 | बृजेश पिता सीता प्रसाद द्विवेदी पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 36/4 | 0.0120 |
| 23 | संतोष प्रदीप विनय पिता बद्री प्रसाद तिवारी पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना | 34/3 | 0.0420 |
| 24 | किरण बेवा देपी प्रसाद द्विवेदी ज्योति पिता देवी प्रसाद पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 34/4 | 0.0850 |
| 25 | सुधा पिता रामलखन द्विवेदी जाति ब्रा0 पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 34/5 | 0.0200 |
| 26 | बृजभूषण प्रसाद पिता मोतीलाल जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतनामध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 33/1 | 0.0750 |
| 27 | रंजीत पिता बृजभूषण प्रसाद जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 33/2/5 | 0.0100 |
| 28 | सच्चिदानन्द पिता लवकुश प्रसाद जाति ब्रा पता त्योधरा न.2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 31 | 0.0510 |
| 29 | नारेन्द्रकुमार पिता देवराज जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 27/2 | 0.0140 |
| 30 | विरेन्द्र कुमार पिता देवराज जाति ब्रा पता त्योधरा नं. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 28/1 | 0.0140 |
| 31 | नारेन्द्रकुमार पिता देवराज जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 28/2 | 0.1200 |
| 32 | विरेन्द्र कुमार पिता देवराज जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 15/1 | 0.0900 |
| 33 | नारेन्द्रकुमार पिता देवराज जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 15/2 | 0.0160 |
| 34 | संतोष पिता राजकरण जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 15/3 | 0.0740 |
| 35 | राकेश कुमार पिता रामाधर जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 13/1 | 0.0120 |
| 36 | लवलेश द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 13/2 | 0.1710 |
| 37 | राजकुमार पिता भैयालाल जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 2 | 0.0090 |
| 38 | राकेश कुमार पिता रामाधर जाति ब्रा पता त्योधरा न. 2 रामपुर बाघेलान सतना मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 1 | 0.0020 |
| | योग- | | 2.2950 |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये अर्जन आवश्यक है— कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग अमरपाटन अस्थाई मुख्यालय मैहर जिला - मैहर (म.प्र.) द्वारा रीवा शाखा नहर 33 कि0मी से 39 कि0मी0 के अन्तर्गत सहेरूआ माइनर के निर्माण हेतु। (3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला सतना के न्यायालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(डॉ. सतीश कुमार एस.)
कलेक्टर
जिला सतना (म0प्र0)
एवं पदेन उपसचिव म0प्र0 शासन
राजस्व विभाग

G-26808/25

# पुलिस कर्मियों से मारपीट करने वाले को कोर्ट उठने तक की सजा



**जबलपुर, 2 मार्च. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रियम कुमार सक्सेना की अदालत ने पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाले आरोपी जितेन्द्र चक्रवर्ती को दोषी करार दिया. अदालत ने आरोपी को कोर्ट उठने तक की सजा व एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया.**

अदालत के समक्ष एडीपीओ मनीष समाधिया ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2026 को फरियादी अपनी ड्यूटी पर आरक्षक वीरेन्द्र व सुशील के साथ थाना के शासकीय मोबाईल वाहन से रिछाई की ओर भ्रमण पर थे. जहां रोड किनारे खड़े आरोपी जितेन्द्र चक्रवती को हिदायत दी गई तो वह गाली गलौज करते हुए झूमाझटकी करने लगा और मारपीट शुरु कर दी. जिसे आरक्षक वीरेन्द्र ने पकडना चाहा तो उससे भी झूमाझटकी की. उक्त मामले में आरोपी जितेन्द्र के खिलाफ रांझी पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया.

## पेज एक का शेष

### कृषि कैबिनेट : होली से पहले किसानों को सतरंगी सौगात

राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन में 1150 करोड़ रूपये खर्च होंगे : कैबिनेट ने राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर रखने के लिए 1150 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी. इस योजना में कृषि क्षेत्र में दक्षता की वृद्धि, विभिन्न कृषि घटकों के प्रभाव वृद्धि, दोहराव से बचाव संबंधी कार्य किये जायेंगे. इसी तरह सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना को आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए 1,375 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. इस योजना में केन्द्र एवं राज्य सरकार की भागीदारी से, मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करणीय उद्योगों के उन्नयन तथा नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जायेगी. इसी क्रम में उद्यानिकी के क्षेत्र में पौधशाला उद्यान में रोपणियों में पौध तैयार करने और उच्च गुणवत्ता की पौध एवं बीज, रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जाने के लिए अगले वर्ष 2031 तक के लिए 1739 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. कैबिनेट ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास की 500 करोड़ से कम वित्तीय आकार की 20 परियोजनाओं को आगामी 5 वर्षों तक के लिए निरंतर जारी रखने जाने की स्वीकृति दी है. इसके लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है.

**20 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार :** कैबिनेट ने मप्र एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को मंजूरी दी है, इसमें अगले 3 वर्षों तक रुपये 3 हजार करोड़ का निवेश होगा, वहीं लगभग 20 हजार रोजगार लोगों को रोजगार मिल सकेगा, इनमें 10 हजार प्रत्यक्ष एवं 10 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल है.

## होली से पहले एक क्विंटल पनीर और 80 किलो मावा जब्त

**मुरैना.** जिले के सबलगढ़ कस्बे में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होली के त्यौहार से पूर्व मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन डेयरियों पर अचानक छापे मारकर करीब एक कुंटल मिलावटी पनीर और लगभग 80 किलो मावा जब्त किया है.

## नाम सुधार सूचना

मै संतोष कुमार साकेत पिता श्री दीनानाथ साकेत जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा आधार नं.267769210211 है. सतना आरटीओ से मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना हुआ है जिसका क्र.MP19R-2021-0051133 है जिसमें मेरे नाम संतोष चौधरी पिता डी.एन.चौधरी दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम संतोष कुमार साकेत पिता श्री दीनानाथ साकेत है जो मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है. अतः मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज नाम संतोष चौधरी पिता डी.एन.चौधरी के स्थान पर सही नाम संतोष कुमार साकेत पिता श्री दीनानाथ साकेत दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है.

## सीएम ने होलिका दहन की दी बधाई

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन की बधाई और शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी नागरिक इस पवित्र अग्नि में नकारात्मक तत्वों को समर्पित कर जीवन में मंगल और शुभता का वरदान मांगे. डॉ. यादव ने देश और समाज के प्रति अपने योगदान की संपूर्णता का संकल्प लेने का प्रदेशवासियों से आह्वान किया है.

### कार्यालय नायब तहसीलदार वृत्त जैतवारा तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना (म.प्र.)

क्रमांक/865/रीडर/जैत/2026 जैतवारा दिनांक 02.03.2026

**आम सूचना**

न्यायालय नायब तहसीलदार वृत जैतवारा तहसील बिरसिंहपुर में प्रचलित प्रकरण क्रमांक1213अ27/2025-26 रामशिरोमणि चौरसिया पिता राजाराम चौरसिया बगैरह निवासी बिरसिंहपुर बनाम रामलाल पिता कलुआ चौरसिया वगैरह का प्रकरण मौजा पगारकता की आराजी नं. 1063 रकवा 1.072 हे. के संबंध में प्रचलित है जिस पर सुनवाई कर निराकरण किया जाना है किन्तु अनावेदक श्री रामलाल पिता कलुआ, रामदीन पिता भूरा, सधुवा पिता भूरा जरिये सम्मन आहूत किये जाने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुये है जिसके कारण प्रकरण के निराकरण में बिलम्ब की स्थिति निर्मित है।

अत. अनावेदक श्री रामलाल पिता कलुआ, रामदीन पिता भूरा सधुआ पिता भूरा निवासी बिरसिंहपुर को जरिये इश्तहार सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 16.03.2026 को समय 11.00 बजे दोपहर दावे के संबंध में स्वतः या जरिये अभिभाषक अपना जवाब प्रस्तुत करें जवाब प्रस्तुत न किये जानें व उपस्थित न होने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जा सकेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी। मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की पयमुद्रा से जारी.

नायब तहसीलदार
वृत जैतवारा तहसील-बिरसिंहपुर
जिला सतना (म.प्र.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (शहरी) अनुभाग रघुराजनगर जिला सतना (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक 0196/अपील/2025-2026/
सतना दिनांक 11.02.2026

1. श्रीमती आशा शुक्ला पत्नी श्री अरविन्द कुमार शुक्ला निवासी ग्राम खारी पो0 तपा थाना व तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना......... **आवेदिका**

**बनाम**

1. रूद्रदत्त गौतम पिता सौखीलाल गौतम निवासी बरदाडीह सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना .......**अनावेदक**

**// सूचना / सार्वजनिक नोटिस //**

आवेदिका आशा शुक्ला पत्नी अरविन्द कुमार शुक्ला निवासी ग्राम खारी तहसील रामपुर बाघेलान की ओर से अधिवक्ता श्री कमलरंजन त्रिपाठी द्वारा म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 (5) के अंतर्गत तहसीलदार रघुराजनगर के प्र0क्र0 439/अ-12/2020-21 में पारित आदेश दिनांक 03/10/2020 के विरूद्ध अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अनावेदक का पता सही रूप से ज्ञात नहीं होने के कारण, उन्हें कानूनी तरीके से सूचित करने के लिए यह सूचना सार्वजनिक रूप से समाचार पत्र में प्रकाशित कीजा रही है. अनावेदक को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक 11/03/ 2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने विधिवत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि अनावेदक निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है, जिसका समस्त जिम्मेदारी अनावेदक की होगी। नियत दिनाक को अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले दिन की जावेगी।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
दिनांक-11.02.2026
स्थान : सतना

अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर (शहरी)
जिला सतना (म.प्र.)

## कार्यालय कलेक्टर जिला सतना (म0प्र0) एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

### // अधिसूचना //

भू-अर्जन प्र0क्र0 अ 82/25-26 पत्र क्र. 248/ भू-अर्जन / 2026 दि. 23/02/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः सही भूमि अधिग्रहण पुर्नवास 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने 5 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

**अनुसूची**

| भूमि का वर्णन | | | | धारा 12 के लिए प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | अर्जनीय रकवा (हे.में.) लगभग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| सतना | कोठी | गोरइया | 4.8500 हे. | कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र.01 नागौद जिला सतना (म.प्र) | नागौद-सतना शाखा नहर की टेल वितरिका के निर्माण हेतु. |

भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यालय कलेक्टर (भू अर्जन शाखा) सतना के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(डॉ. सतीश कुमार एस.)
कलेक्टर,
जिला सतना (म0प्र0)
एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन
राजस्व विभाग

G-26780/25

## कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट जिला- सतना (म0प्र0)

Email-cmochitrakoot@mpurban.gov.in Phone: 07670-265329

क्र0/न0प0./E-Tender / 716 / 2026 चित्रकूट दिनांक 27-2-2026

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद् चित्रकूट द्वारा नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से ई- टेन्डर के माध्यम से निम्न तालिका में वर्णित फूलमाला विक्रय एवं तहबजारी हेतु ऑनलाइन निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दरें आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त जानकारी शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट http://mptenders.gov.in_से एवं कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संसोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | शासकीय निलामी राशि | अमानत राशि | निविदा का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 486678_1 | कामदगिरी परिसर में फूलमाला विक्रय हेतु | 1588400 | 11913.00/- | 2000.00/- | 2026-27 |
| 2 | 2026_UAD_ 486678_2 | भवन निर्माण सामग्री तहबजारी वसूली हेतु | 123200 | 2464.00/- | 1000.00/- | 2026-27 |
| 3 | 2026_UAD_ 486678_3 | गुप्त गोदावरी परिसर में फूलमाला विक्रय हेतु | 5497310 | 41230.00/- | 10000.00/- | 2026-27 |
| 4 | 2026_UAD_ 486678_ 4 | गुप्त गोदावरी परिसर में फोटोग्राफी कार्य हेतु | 133320 | 2666.00/- | 1000.00/- | 2026-27 |
| 5 | 2026_UAD_ 486678_5 | गुप्त गोदावरी परिसर में शू- स्टैण्ड संचालन हेतु | 775610 | 7756.00/- | 2000.00/- | 2026-27 |

**शर्तें:-**

1. इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देख सकते है ।
2 निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 03.03.2026 को 10.30 बजे से 02.04.2026 को 17.30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते है।
3. निविदा समस्त शर्ते निविदा प्रपत्र अनुसार होगी ।
4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।
5. सम्पूर्ण दरें जी. एस. टी. छोडकर प्रस्तुत की जावें ।
6. शासकीय बोली की राशि से अधिक की दर मान्य होगी।
7. संविदाकार को निविदा के साथ नगर परिषद् चित्रकूट के पक्ष में निर्धारित अमानती राशि की एफ. डी. आर / बैंक ड्राफ्ट कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
8. विगत वर्ष के बकाया संविदाकारों की निविदा स्वीकार नही की जावेगी ।
9. उच्त्तम दर वाले संविदाकारों की निविदा स्वीकार की जावेगी ।
10. फूलमाला कामदगिरी स्थल का विक्रय केन्द्र बिहारी चौक, पूर्वी मुखार बिन्द में निर्धारित किया गया है। संविदाकारों द्वारा चल फिर कर भी फूलमाला का विक्रय किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् चित्रकूट जिला - सतना (म0प्र0)

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म0प्र0)

N.I.T क्र. 33 (E.T.) / निर्माण/न.पा.नि./2025-26 सतना, दिनांक 27.02.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/01 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486222_1 | मरम्मत कार्य निकाय अन्तर्गत समस्त पार्क में | 01 to 45 | 29,57,352/- | 50,000/- | 5,000/- | 04 माह |
| 02 | 33/02 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486224_1 | आर.सी.सी. कवर्ड नाली निर्माण अमृत कॉलोनी | 09 | 34,32,485/- | 50,000/- | 5,000/- | 05 माह |
| 03 | 33/03 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486225_1 | नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में (नई बस्ती) | 01 | 21,99,663/- | 44,000/- | 5,000/- | 04 माह |
| 04 | 33/04 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486276 _1 | सी.सी. सडक निर्माण गली नं. 07, 09 एवं 10 (पार्षद निधि) | 38 | 21,14,479/- | 42,300/- | 5,000/- | 04 माह |
| 05 | 33/05 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486278 _1 | सी.सी. सड़क निर्माण विजडम स्कूल रोड (पार्षद निधि) | 35 | 21,14,479/- | 42,300/- | 5,000/- | 04 माह |
| 06 | 33/06 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486282_1 | सी.सी. रोड निर्माण जे.पी. रोड विभिन्न स्थानों में (पार्षद निधि) | 04 | 21,01,638/- | 42,100/- | 5,000/- | 04 माह |
| 07 | 33/07 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486284_ 1 | नाली कव्हर कार्य विभिन्न स्थानों में | 24 | 18,78,824/- | 37,600/- | 2,000/- | 04 माह |
| 08 | 33/08 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486286_ 1 | आर.सी.सी. नाली कव्हर कार्य गली नं. 01 से 03 कश्यप नगर | 45 | 19,74,627/- | 39,500/- | 2,000/- | 04 माह |
| 09 | 33/09 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486296_1 | सी.सी. रोड निर्माण सिन्धी कैम्प (पार्षद निधि) | 21 | 21,12,280/- | 42,300/- | 5,000/- | 04 माह |
| 10 | 33/10 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486297_1 | सी.सी. रोड विभिन्न स्थानों में पौराणिक टोला | 04 | 29,26,800/- | 50,000/- | 5,000/- | 04 माह |
| 11 | 33/11 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486298_1 | पेवर्स रोड कार्य रामटेकरी एवं हनुमान नगर नई बस्ती (पार्षद निधि) | 17 | 18,34,460/- | 36,700/- | 2,000/- | 04 माह |
| 12 | 33/12 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486299_1 | नाली व रोड मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानों में (पार्षद निधि) | 14 | 21,16,646/- | 42,400/- | 5,000/- | 04 माह |
| 13 | 33/13 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486300_1 | पी.सी.सी. रोड निर्माण मजनू का बाड़ा शिब्बू नेपाली एवं विभिन्न गलियों में (पार्षद निधि) | 28 | 17,68,719/- | 35,400/- | 2,000/- | 04 माह |
| 14 | 33/14 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486301_ 1 | पेवर्स रोड कार्य बब्बू पाण्डेय से बरदाडीह चौराहे तक (पार्षद निधि) | 05 | 13,18,927/- | 26,400/- | 2,000/- | 02 माह |
| 15 | 33/15 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486302_1 | सी.सी. सड़क निर्माण सुलभ काम्पलेक्स के सामने गुरुमुख सिंह से विमल मुरारका तक | 40 | 10,68,835/- | 21,400/- | 2,000/- | 02 माह |
| 16 | 33/16 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486303 _1 | शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 25 | 18,43,111/- | 36,900/- | 2,000/- | 05 माह |
| 17 | 33/17 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486305_1 | नाली निर्माण हर्ष तिवारी एडवोकेट के घर से ज्ञानाश्रय कोचिंग के पास एवं प्रभात गौतम के घर तक | 31 | 11,60,370/- | 23,300/- | 2,000/- | 03 माह |
| 18 | 33/18 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486306_1 | सी.सी. सड़क निर्माण गली नं. 10 में पार्क के पास राजेन्द्र नगर( पार्षद निधि) | 26 | 12,19,500/- | 24,400/- | 2,000/- | 03 माह |
| 19 | 33/19 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486307_1 | नाली निर्माण रीवा रोड से हैप्पी नर्सरी स्कूल खेरमाई रोड तक | 25 | 10,81,495/- | 21,700/- | 2,000/- | 03 माह |
| 20 | 33/20 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486308_1 | पार्क निर्माण कार्य | 31 | 11,15,800/- | 22,400/- | 2,000/- | 03 माह |
| 21 | 33/21 27.02.2026 | 2026_UAD_ 486318_1 | नाली निर्माण पाण्डे जी से विकास गर्ग एवं सुधीर निगम से प्रेम पयासी तक | 33 | 12,80,000/- | 25,600/- | 2,000/- | 03 माह |

**शर्तें:-**

1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 02.03.2026 समय 15.30 से दिनांक 02.04.2026 समय 17.30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

"स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना"

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
सतना (म.प्र.)